# हमारा दून



राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के स्वागत की तैयारियों को लेकर बैठक लेते भाजपा नेता।

# टीकाकरण की शत प्रतिशत पहली डोज करने वाला जिला बना बागेश्वर

**उपलब्धि**

■ खिर्सू ब्लॉक में भी कोविड वैक्सीन की शत प्रतिशत पहली डोज सम्पन्न

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम आवास में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए बताया कि जनपद बागेश्वर एवं जनपद पौड़ी के विकास खण्ड खिर्सू द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के समस्त नागरिकों का प्रथम डोज कोविड–19 टीकाकरण शत–प्रतिशत किया जा चुका है। जनपद बागेश्वर एवं विकास खण्ड खिर्सू को 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों हेतु दिया गया लक्ष्य (2011 सेन्सस के सापेक्ष 2021 की सम्भावित जनसंख्या) क्रमशः 172210 एवं 29374 है। जिसके सापेक्ष दिनांक 12 अगस्त, 2021 तक जनपद बागेश्वर एवं विकास खण्ड खिर्सू द्वारा क्रमशः 176776 एवं 37789 लाभार्थियों का प्रथम डोज टीकाकरण किया जा चुका है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश में दुनिया का सबसे बडा कोविड टीकाकरण अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री जी का उत्तराखण्ड को विशेष सहयोग मिला है। इस महीने अभी तक 17 लाख डोज मिल चुकी हैं। हम दिसम्बर अंत तक उत्तराखंड मे शतप्रतिशत वैक्सीनैशन कर दिया जाएगा। भारत सरकार के मार्ग दर्शन में 16 जनवरी 2021 से सफलता पूर्वक कोविड–19 टीकाकरण अभियान आयोजित कर रहा है। टीकाकरण अभियान को बढ़ावा देने के लिए लगातार राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। दिनांक 17 अगस्त 2021 के कोविड–19 टीकाकरण कवरेज के अनुसार 45 वर्ष और उससे अधिक के लाभार्थियों के टीकाकरण की प्रथम खुराक 2326374 एवं द्वितीय खुराक 1336923 तथा 18 से 44 वर्ष के नागरिकों के टीकाकरण की प्रथम खुराक 3027666 एवं द्वितीय खुराक 211958 है। राज्य में आतिथि तक कोविड–19 टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत कुल 7435124 खुराक दी जा चुकी हैं। जिसमें प्रथम खुराक 5661943 एवं द्वितीय खुराक 1773181 हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बागेश्वर एवं विकास खण्ड खिर्सू को जनपदो से प्राप्त सूचना अनुसार राज्य में कोविड–19 टीकाकरण शत–प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रथम जनपद एवं विकास खण्ड के रूप में प्रमाणित किया गया एवं उपरोक्त उपलब्धियों की सराहना की गयी। इसी के क्रम में उक्त अभियान में जनपद बागेश्वर के जिला अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कार्मिकों तथा जनपद पौडी के जिला अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी (डॉ मनोज शर्मा). जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डॉ गम्भीर सिंह तालियान) एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कार्मिकों को बधाई दी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत भी उपस्थित थे।

# टेलीमेडिसिन सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश

**समीक्षा**

■ सीएस ने ली टेलीमेडिसिन सेवाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ एस. एस.संधु की अध्यक्षता में उनके सचिवालय सभागार में उत्तराखण्ड में टेलीमेडिसिन सेवाओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए टेलीमेडिसिन लोगों के जीवन को बचाने के लिए एक अति महत्वपूर्ण योजना है। क्योंकि पर्वतीय क्षेत्रों में आपात स्थिति में पेशेन्ट्स का बेहतर सुविधाओं युक्त अस्पताल तक शीघ्रता से पहुंचना संभव नहीं हो पाता और जब तक मरीज अस्पताल तक पहुंचता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसी महत्व को देखते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और सभी जनपदों के जिला प्रशासन को टेलीमेडिसिन को और बेहतर बनाने, लोगों तक सुगम कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने और इसके लिए किये जाने वाले सभी प्रकार के अवसंरचनात्मक प्रयासों को अमल में लाने के निर्देश दिये।

**किसी भी प्रकार से इसका उल्लंघन ना होने पाए**

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में टेलीमेडिसिन को अग्रणी बनाने के लिए वैश्विक स्तर पर जो भी अच्छी तकनीक–अनुभव हो उस सबको इम्प्लिमेंट करें क्योंकि टेलीमेडिसिन सेवा उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो सकती है। उन्होंने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को निर्देश दिये कि वे सभी चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दें कि टेलीमेडिसिन सेवाओं के अंतर्गत चिकित्सक अनिवार्य रूप से और शत–प्रतिशत जेनेरिक दवाएं ही लिखेंगे।

उन्होंने सचिव स्वास्थ्य को निर्देशित किया कि टेलीमेडिसिन सेवाओं को और कारगर बनाने के लिए इसके लिए एक डेडिकेटेड टीम की तैनाती की जाए जो केवल इसी कार्य को देखे। परामर्श चाहने वाले लोगों के लिए कनेक्टिविटी आसान बनाने के लिए कम से कम दो–तीन आईटी एक्सपर्ट की नियुक्ति करें, साथ ही सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अपने–अपने जनपदों में टेलीमेडिसिन हब इत्यादि में पेयजल, विद्युत, कनेक्टिविटी इत्यादि की अवसंरचनात्मक व्यवस्थाओं को बेहतर बनायें। इसके लिए चिकित्सकों तथा आई.टी. एक्सपर्ट की फीडबैक लेते हुए प्रभावी प्लान बनायें तथा टेलीमेडिसिन के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें तथा चिकित्सा सुविधाओं का किसी भी प्रकार का दुरूपयोग रोकने के लिए मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम डेवलप करें।

## संक्षिप्त समाचार

### मलिन बस्तियों के नियमितीकरण को लेकर कोई काम नहीं किया: कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्ष 2016 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मलिन बस्तियों के नियमितीकरण को लेकर अधिनियम पारित किया था। जिस पर वर्तमान भाजपा सरकार ने आज तक कोई काम नहीं किया। अब वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश की 584 अवैध मलिन बस्तियों का तीन वर्ष समय बढ़ाकर 2024 तक नगरीय विकास का कार्य रोक दिया है ऐसे में मलिन बस्तियों के सुधार, नियमतिकरण, पुर्नवास एवं पुनः व्यवस्थापन जैसे कार्य कैसे किये जाएंगे।

### इंद्रमणि बडोनी व सुभाष चंद्र बोस को पुण्यतिथि पर याद किया

**संवाददाता** देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय संयोजक व पूर्व राज्य मंत्री मनीष कुमार ने उत्तराखंड के गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर उनको शत–शत नमन करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि स्व. बडोनी द्वारा राज्य आंदोलन में किए गए संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर एवं लोक कलाओं के ज्ञाता, कुशल वक्ता, महान जननायक, उत्कृष्ट समाजसेवी व राज्य आंदोलन के महान क्रांतिकारी के योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

### राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लच्छु गुप्ता का स्वागत किया

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लच्छु गुप्ता का स्वागत किया गया। इस मौके पर लच्छु गुप्ता ने कहा की व्यापारियों के हित की लड़ाई को और मजबूत तरीके से लड़ने के हम सब व्यापारियों को एक होकर चलना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

### एसबीआई लाइफ ने आधुनिक सुरक्षा समाधान–'ईशिल्ड नेक्स्ट' लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, जो देश के सबसे भरोसेमंद प्राइवेट लाइफ इंश्योरर्स में से एक हैं, ने विशिष्ट किस्म का आधुनिक सुरक्षा समाधान–'एसबीआई लाइफ ईशिल्ड नेक्स्ट'लॉन्च किया। यह समाधान बीमित व्यक्ति द्वारा जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों के पार करते जाने के साथ प्रोटेक्शन कवरेज को बढ़ाते जाता है। प्रत्येक कवर को उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

### मिलकर करेंगे उत्तराखंड नवनिर्माण का सपना साकारः कर्नल कोठियाल

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और पार्टी के वरिष्ठ नेता कर्नल अजय कोठियाल ने आज प्रदेश कार्यालय में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कल के दिन को महत्वपूर्ण दिन बताते हुए आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा, आप पार्टी ने उन्हें बहुत बडी जिम्मेदारी से नवाजा है, जिससे राज्य के प्रति उनकी जिम्मेदारियां और बढ गई हैं। उन्होंने कहा कि सीएम प्रत्याशी बनने पर उन्हें प्रदेश की जनता ने जो प्यार दिया है उसके लिए वो पूरे प्रदेश की जनता के शुक्रगुजार हैं। कल का दिन उनकी जिन्दगी में बहुत महत्वपूर्ण दिन था ,जब उनको इतनी बडी जिम्मेदारी के साथ जनता का प्यार मिला। उन्होंने बताया कि उनको मिली जिम्मेदारी को वो पूरी कर्तव्यनिष्ठा से निभाएगे और उत्तराखंड नवनिर्माण के सपनों को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। सब बीजेपी से नाखुश हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस में आपसी खींचतान है ,जिनसे अब जनता पूरी तरह ऊब चुकी है।

### बदले की भावना से काम कर रही बीजेपीः आप

**संवाददाता** देहरादून। आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने नगर निगम द्वारा आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी को नोटिस दिए जाने की बात पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी की एक हुंकार से बीजेपी की सियासी जमीन हिल गई है। रविन्द्र सिंह आनंद ने कहा कि मेयर गामा जी साहब बदले की भावना से काम कर रहे हैं, जबकि वह स्वयं एक स्थापित नेता है। आनंद ने कहा कि उनको यह समझना चाहिए की राजनीति बदले की भावना से नहीं अपितु सहयोग से की जाती है। उन्होंने कहा कि खुद मेयर गामा जी के अनाधिकृत पोस्टर बैनर पूरे शहर में लगते रहते हैं फिर वह किस प्रकार दूसरे पर कार्रवाई कर सकते हैं। रविन्द्र आनंद ने कहा कि यदि आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी को किसी प्रकार का कोई नोटिस दिया जाता है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।